दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, मंगलवार 17 सितंबर 2024

www.nyaysakshi.com



संपादकीय

## दशकीय जनगणना क्यों नहीं

आम तजुर्बा है कि मौजूदा सरकार को आंकड़ों की पारदर्शिता पसंद नहीं है। वरना, यह समझना मुश्किल है कि भारत में अब तक दशकीय जनगणना क्यों नहीं हुई, जबकि कोविड-19 महामारी का साया हटे लंबा अरसा गुजर चुका है।

केंद्र ने जब कुछ महीने पहले सांख्यिकी स्थायी समिति बनाई, तो उसमें शामिल 14 विशेषज्ञों में से कुछ नामों को देख कर आश्चर्य हुआ था। खास कर यह देख कर हैरत हुई कि समिति की अध्यक्षता प्रणब सेन को सौंपी गई है, जिनकी छवि आंकड़ों के प्रति ईमानदारी बरतने की रही है। बताया गया कि समिति राष्ट्रीय सैंपल सर्वे तथा अन्य सरकारी सर्वेक्षणों की सैंपलिंग एवं आंकड़ा विश्लेषण को लेकर सुझाव देगी।

यह जग-जाहिर है कि नरेंद्र मोदी सरकार के दौर में तमाम सरकारी आंकड़ों की साख क्षीण होती चली गई है। अब खबर है कि सरकार ने गुपचुप प्रणब सेन समिति को भंग कर दिया है। समिति के सदस्यों का तो कहना है कि समिति क्यों भंग हुई, उन्हें इसका कारण तक नहीं बताया गया है। अधिकारियों को मीडिया से जरूर कहा है कि अब राष्ट्रीय सैंपल सर्वेक्षणों के बारे में स्थायी संसदीय समिति बन गई है, इसलिए दोनों समितियों का दायरा टकरा रहा था। जबकि सूत्रों के आधार पर छपी अखबारी रिपोर्टों में बताया गया है कि एक बैठक के दौरान सेन समिति के सदस्यों ने जनगणना में हो रही देर पर अधिकारियों से सख्त सवाल पूछे।

मुमकिन है कि सरकार इससे खफा हो गई हो। आम तजुर्बा है कि मौजूदा सरकार को सवाल और आंकड़ों की पारदर्शिता पसंद नहीं है। वरना, यह समझना किसी के लिए मुश्किल है कि भारत में अब तक दशकीय जनगणना क्यों नहीं हुई? 2021 में इसे कोविड-19 महामारी के कारण टाला गया था, हालांकि उसी वर्ष तमाम चुनाव कराए गए। बहरहाल, महामारी का साया हटे लंबा अरसा गुजर चुका है।

दुनिया में कोई ऐसा प्रमुख देश नहीं है, जहां अब तक जनगणना ना हुई हो। इसलिए यह कहने का आधार बनता है कि मोदी सरकार ठोस एवं विश्वसनीय आंकड़ों के स्रोत जनगणना को जानबूझ कर टाल रही है। आंकड़े समय की सच्चाई को बताते हैं। आंकड़े ना हो, तो मनमानी कहानियां बनाई जा सकती हैं। जिस सरकार की प्राथमिकता मनपसंद आंकड़े तैयार कर विमर्श को भ्रमित करना और उसके जरिए मनगढ़ंत नैरेटिव्स को विश्वसनीय बनाना रहा हो, विशेषज्ञों से उसका गुरेज समझा जा सकता है।

## जिंदल ग्रुप 2025 तक विकसित करेगा 4,500 टन प्रति वर्ष की ग्रीन हाइड्रोजन क्षमता

नई दिल्ली




जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड और जिंदल रिन्यूएबल्स की ओर से सोमवार को ग्रीन हाइड्रोजन में निवेश के लिए साझेदारी का ऐलान किया गया।

देश की स्टील इंडस्ट्री में दोनों कंपनियों की ओर से डी-कार्बोनाइजेशन और ग्रीन एनर्जी में लीडरशीप के लिए यह एमओयू साइन किया है। जिंदल स्टील की योजना ग्रीन हाइड्रोजन को ओडिशा के अंगुल में स्थित उसके डायरेक्ट रेड्यूस्ड आयरन (डीआरआई) यूनिट्स में एकीकृत करना है।

कंपनी की ओर से कहा गया कि पहले चरण में जिंदल रिन्यूएबल्स की ओर से 4,500 टन प्रति वर्ष की ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता विकसित की जाएगी। इसे शुरू करने की डेडलाइन दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। इस प्रोजेक्ट में प्रति वर्ष 36,000 टन ऑक्सीजन की आपूर्ति भी शामिल होगी जिसका उपयोग अंगुल स्टील वर्क्स में किया जाएगा।

जिंदल रिन्यूएबल्स की ओर से जिंदल स्टील यूनिट्स को 3 गीगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी की भी आपूर्ति की जाएगी। इसके जरिए जिंदल स्टील की कोशिश अगले 2 से 3 वर्षों में कोयले पर निर्भरता को 50 प्रतिशत तक घटाना है।

जिंदल स्टील के स्ट्रेटजी और कॉरपोरेट मामलों के निदेशक संजय सिंह का कहा, उत्पादन के प्रोसेस में ग्रीन एनर्जी और ग्रीन हाइड्रोजन का एकीकरण करके, हम न केवल कार्बन उत्सर्जन को कम कर रहे हैं, बल्कि भारत की स्टील इंडस्ट्री के लिए नए बेंचमार्क सेट कर रहे हैं। यह साझेदारी सतत विकास और नवाचार के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

इस करार के तहत जिंदल स्टील की ओर से जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर और सपोर्ट उपलब्ध कराया जाएगा। जिंदल रिन्यूएबल्स की ओर से ग्रीन हाइड्रोजन और रिन्यूएबल एनर्जी सुविधाओं के विकास और ऑपरेशन को संभाला जाएगा।

इस साझेदारी के जरिए ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन की लागत में ही नहीं कमी आएगी, बल्कि इससे अगले 25 वर्षों के लिए लंबी अवधि के सतत बिजनेस मॉडल का रास्ता सुनिश्चित करना है।

जिंदल स्टील, पूरे विश्व में 12 अरब डॉलर के निवेश के साथ लगातार अपनी क्षमता और संचालन को किफायती बनाने को लेकर काम करता रहता है। साथ ही भारत को आत्मनिर्भर बनाने में भी योगदान दे रहा है।

जिंदल रिन्यूएबल का उद्देश्य भारत में रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स में अग्रणी बनना है। मौजूदा समय में करीब 3 गीगावट की रिन्यूएबल क्षमता विकसित कर रहा है। कंपनी का उद्देश्य 2030 तक 12 गीगावाट से ज्यादा की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता विकसित करना है।

## अदाणी पावर और अदाणी ग्रीन के शेयरों ने भरी उड़ान, 8 प्रतिशत तक चढ़े शेयर

नईदिल्ली




अदाणी पावर के शेयर सोमवार यानी 16 सितंबर को बड़ा उछाल देखने को मिला। कंपनी के शेयर आज इंट्रा-डे कारोबार में 7.53 प्रतिशत बढक़र 681.30 रुपये प्रति शेयर के इंट्राडे हाई पर पहुंच गए।

इसी तरह, अदाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर 7.39 प्रतिशत तक उछलकर 1,920 रुपये प्रति शेयर के इंट्राडे हाई पर पहुंच गया।

अदाणी पावर और अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर की कीमतों में यह उछाल 6600 मेगावाट हाइब्रिड सौर और थर्मल पावर की आपूर्ति के लिए महाराष्ट्र राज्य डिस्कॉम से लेटर ऑफ़ इंटेंट हासिल करने के बाद आया है।

अदाणी ग्रुप की दो कंपनियां अदाणी ग्रीन एनर्जी और अदाणी पावर ने आज यानी रविवार को ऐलान किया कि वे महाराष्ट्र राज्य डिस्कॉम के साथ 6.6 गीगावाट की संयुक्त बिजली खरीद समझौते पर साइन करेंगी।

कंपनियों ने अपनी घोषणा में कहा कि अदाणी ग्रीन एनर्जी महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के साथ लंबे समय के लिए बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर करेगी, जो 5 गीगावाट (5000 मेगावाट) सौर ऊर्जा की सप्लाई के लिए होगा।

इसके अलावा, अदाणी पावर महाराष्ट्र को 1496 मेगावाट (नेट) थर्मल पावर की सप्लाई के लिए एक लॉन्ग-टर्म बिजली आपूर्ति समझौते पर हस्ताक्षर करेगी।

सुबह 11:43 बजे अदाणी पावर के शेयर 6.24 प्रतिशत बढक़र 673.00 रुपये पर कारोबार कर रहा था, जबकि अदाणी ग्रीन 6.36 प्रतिशत बढक़र 1,901.85 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर था। इसकी तुलना में बीएसई सेंसेक्स 0.03 फीसदी की मामूली बढ़त लेकर 82,918.71 के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

## एलआईसी के लिए अगली पीढ़ी का डिजिटल मंच तैयार करेगी इंफोसिस

**नईदिल्ली।** जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अगली पीढ़ी के डिजिटल मंच को अपनाकर अपने डिजिटल रूपांतरण को आगे बढ़ाने के लिए इंफोसिस को चुना है। आईटी सेवा कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस पहल के तहत ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों के लिए बेहतर अनुभवों और डेटा आधारित वैयक्तिकरण पर ध्यान दिया जाएगा। कंपनी ने इस सौदे की राशि के बारे में नहीं बताया। एक बयान के अनुसार, इंफोसिस ने आज भारत की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ अपने सहयोग की घोषणा की, ताकि एलआईसी डीआईवीई (डिजिटल नवाचार एवं मूल्य संवर्धन) नामक अपनी डिजिटल रूपांतरण पहल को आगे बढ़ा सके। सौदे के तहत इंफोसिस अगली पीढ़ी का डिजिटल मंच तैयार करेगी, जो एलआईसी के ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों के लिए बेहतर जुड़ाव और डेटा आधारित वैयक्तिकृत अनुभव देने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

## भारत-बांग्लादेश के बीच होगी टेस्ट और टी20 सीरीज

नईदिल्ली

बांग्लादेश क्रिकेट टीम भारत के दौरे पर आई है. भारत-बांग्लादेश के बीच 19 सितंबर से टेस्ट सीरीज की शुरुआत होने वाली है. इस सीरीज का पहला टेस्ट मैच 19 सितंबर से शुरू होने वाला है, जो चेन्नई के चेपाक स्टेडियम में होगा. हालांकि, टेस्ट सीरीज के खत्म होने के बाद भारत-बांग्लादेश के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज भी खेली जाएगी. तो आइए बांग्लादेश के भारत दौरे के फुल शेड्यूल के बारे में बताते हैं...

भारतीय क्रिकेट टीम और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बीच हेड-टू-हेड टेस्ट आंकड़ों की बात करें तो भारत का पलड़ा भारी है. दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 13 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें 11 मुकाबलों में भारत ने जीत दर्ज की है और 2 मैच बेनतीजे रहे हैं. कुल मिलाकर आज तक भारतीय टीम को टेस्ट फॉर्मेट में बांग्लादेश से हार नहीं मिली है.

हालांकि, भारतीय टीम अपकमिंग टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश को हल्के में लेने की गलती नहीं कर सकती, क्योंकि ये टीम अच्छी लय में है और पाकिस्तान को क्लीन स्वीप करके आ रही है. देखने वाली बात होगी की कप्तान रोहित शर्मा किस रणनीति के साथ बांग्लादेश का सामना करते हैं.

यहां देखें भारत-बांग्लादेश का फुल शेड्यूल

पहला टेस्ट: 19 से 23 सितंबर, चेन्नई, सुबह 9:30 बजे

दूसरा टेस्ट: 27 से 1 अक्टूबर, कानपुर, सुबह 9:30 बजे

पहला टी-20: 6 अक्टूबर शाम 7:00 बजे धर्मशाला

दूसरा टी20: 9 अक्टूबर शाम 7:00 बजे दिल्ली

तीसरा टी20: 12 अक्टूबर शाम 7:00 बजे हैदराबाद

भारत: रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल

बांग्लादेश: नजमुल होसैन शान्तो (कप्तान), शादमान इस्लाम, जाकिर हसन, मुशफिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिटन दास, मेहदी हसन मिराज, जाकिर अली, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, नाहिद राणा, तैजुल इस्लाम, महमूदुल हसन जॉय, नईम हसन, खालिद अहमद

## स्मृति मंधाना का टी-20 विश्व कप में कैसा रहा है प्रदर्शन? जानिए उनके आंकड़े

नईदिल्ली



महिलाओं का टी-20 विश्व कप 2024 आगामी 3 अक्टूबर से संयुक्त अरब अमीरात में खेला जाएगा।ग्रुप-ए में मौजूद भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ मुकाबले से करेगी।इस बार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना भारतीय टीम के उपकप्तान की जिम्मेदारी में भी नजर आएंगी।

मंधाना ने 2014 में पहली बार टी-20 विश्व कप में हिस्सा लिया था। उन्होंने इस वैश्विक टूर्नामेंट में अब तक 21 मैच खेले हैं, जिसमें 22.45 की औसत और 118.46 की स्ट्राइक रेट के साथ 449 रन बनाए हैं।इस बीच वह कोई शतक नहीं लगा सकी हैं। विश्व कप में उनका सर्वोच्च स्कोर 87 रन रहा है।वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में मिताली राज (726) और हरमनप्रीत कौर (576) के बाद तीसरी सर्वाधिक रन वाली भारतीय महिला हैं।

पिछला टी-20 विश्व कप फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका में खेला गया था, जिसमें मंधाना का अच्छा प्रदर्शन रहा था।भारतीय उपकप्तान ने 4 पारियों में 37.75 की औसत और 138.53 की स्ट्राइक रेट के साथ 151 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 2अर्धशतक लगाए थे।बता दें कि पिछले संस्करण में भारतीय टीम सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 रन से हारकर बाहर हो गई थी।

मंधाना टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज हैं। उन्होंने अपना पहला मुकाबला साल 2013 में खेला था।वह अब तक 141 मैच की 135 पारियों में 28.86 की औसत से 3,493 रन बना चुकी हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 122.51 की रही है।इस प्रारूप में उनसे ज्यादा रन सिर्फ न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स (4,348) ने बनाए हैं। इस सूची में हरमनप्रीत (3,426) तीसरे स्थान पर है।

मंधाना ने एशिया में खेलते हुए 89 मैचों में 24.56 की औसत से 1,867 रन बनाए हैं। वह एशिया में 2,000 रन पूरे करने वाली विश्व की तीसरी और भारत की दूसरी बल्लेबाज बन सकती हैं।उनसे पहले श्रीलंका की चमारी अट्टापट्टू और हरमनप्रीत ऐसा कर चुकी हैं।मंधाना टी-20 विश्व कप में अपने 500 रन पूरे कर सकती हैं।वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 3500 रन पूरे करने वाली सिर्फ दूसरी बल्लेबाज बन जाएंगी।

## चेन्नई टेस्ट में 58 रन बनाते ही इतिहास रच देंगे विराट कोहली

### तोड़ देंगे सचिन का महारिकॉर्ड

नईदिल्ली



भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली मैदान पर उतरें और रिकॉर्ड ना बने, ऐसा कम ही देखने को मिलता है. अब टीम इंडिया और बांग्लादेश के बीच 19 सितंबर से 2 मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत होने वाली है. सीरीज का पहला मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा. इस मुकाबले में अगर विराट कोहली 58 रन बना लेते हैं, तो वह एक माइलस्टोन हासिल कर लेंगे.

पिछले एक दशक से भी अधिक वक्त से इंटरनेशनल क्रिकेट पर राज कर रहे विराट कोहली के पास एक और बड़ा रिकॉर्ड बनाने का मौका है. असल में विराट ने 26942 इंटरनेशनल रन बनाए हैं. अब यदि चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जाने वाले मुकाबले में 58 रन बना लेते हैं, तो वह 27 हजार इंटरनेशनल रन पूरे कर लेंगे.

ऐसा करने वाले विराट दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन जाएंगे. उनसे पहले भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर, कुमार संगाकारा, रिकी पोंटिंग ही हैं, जिन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 27000 रन के आंकड़े तक पहुंच सके हैं. हालांकि, कोहली के पास सबसे तेज 27 हजार रन पूरे करने का मौका है, क्योंकि यदि चेन्नई टेस्ट में वह 58 रन बना लेते हैं, तो 592 पारियों में माइलस्टोन हासिल कर लेंगे. फिलहाल ये रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम दर्ज है, जिन्होंने 623 पारियों में ये कारनामा किया है.

आपको बता दें, गौरतलब है कि कोहली के नाम इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज 16,000, 17,000, 18,000, 19,000, 20,000, 21,000, 22,000, 23,000, 24,000, 25,000 और 26,000 रन बनाने का रिकॉर्ड भी है.

विराट कोहली फिलहाल चेपॉक स्टेडियम में प्रैक्टिस सेशन में जलवा दिखा रहे हैं. जहां, वह कमाल के फॉर्म में नजर आ दिख रहे हैं.

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज आपका दिन शुभ रहने वाला है। अध्ययन और अध्यापन से जुड़े लोगों का दिन आज शानदार रहने वाला हैं। आपको जल्द ही बड़ी सफलता मिलने वाली है। अगर आप अपनी पढ़ाई पूरी कर चुके हैं, तो आपको किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर मिल सकता है।

***वृष:*** आज आपके लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपको नौकरी में तरक्की के साथ-साथ आपकी इनकम में इन्क्रीमेंट होने के योग हैं। आपका पारिवारिक जीवन अत्यंत सुखद रहने वाला है।

***मिथुन:*** आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढेगा। कार्यस्थल पर अफसरों के साथ सद्भाव बनाकर रखेंगे।

***कर्क:*** आज आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आप किसी खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं। बिजनेस करने वालों को किसी अच्छी कंपनी से जुडक़र बिजनेस को बढ़ाने का सुनहरा मौका मिलेगा। बिजनेस से रिलेटेड यात्रा करनी पड़ेगी।

***सिंह:*** आज आपके लिए दिन पाज़िटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा। सीनियर्स आपके काम से प्रसन्न होंगे। आपके लिए पदोन्नति के आसार हैं। आपकी वेतन भी बढ़ सकती है।

***कन्या:*** आज आपका दिन खास रहने वाला है। किसी पुरानी जमीन जायदाद से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपको सरकारी क्षेत्र में कोई अच्छी नौकरी मिलेगी। आप और आपका परिवार बहुत खुश होगा। आपकी आमदनी अच्छी रहेगी।

***तुला:*** आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए विचार लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा। आपके बॉस आपको एप्रिशिएट करेंगे।

***वृश्चिक:*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं आप अपने काम में कुछ परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं। दांपत्य रिश्ते को और मजबूत बनने के लिए जीवनसाथी को उपहार देंगे।

***धनु:*** आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से रिलेटेड आपकी कोई मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ रिज़ल्ट मिलेंगे। अच्छे कॉलेज में आप एडमिशन पाएंगे।

***मकर:*** आज आपका दिन पाज़िटिव रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में बनाई गई योजनाएं कारगर साबित होगी। आपके लिए धन लाभ की संभावना बढ़ेगी?। मास इन मीडिया कम्युनिकेशन के छात्रों के लिए खास अवसर मिलने की संभावना है।

***कुंभ:*** आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। नौकरी ढूंढ रहे युवाओं को अच्छी नौकरी मिलने के योग हैं। प्रापर्टी डीलर का काम करने वालों के कामकाज बेहतर रहेंगे।

***मीन:*** आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। आपको किसी अच्छी कंपनी से जॉब के लिए ऑफर मिलेगा। जिससे आपका फ्यूचर सिक्योर होगा। आपकी मेहनत के अच्छे परिणाम मिलेंगे।

## फिल्म जो तेरा है वो मेरा है का ट्रेलर जारी, जियो सिनेमा पर 20 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म





अभिनेता परेश रावल प्रशंसकों के लिए लिए एक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को लेकर वह काफी उत्साहित भी हैं। परेश रावल अमित सियाल और सोनाली कुलकर्णी के साथ जो तेरा है वो मेरा है नाम की फिल्म के साथ दर्शकों को गुदगुदाने की तैयारी में हैं।

जो तेरा है वो मेरा है का ट्रेलर निर्माताओं ने जारी किया, जिसका निर्देशन राज त्रिवेदी ने किया है। ट्रेलर में चाय बेचने वाले से ठग बने मितेश मेघानी (अमित सियाल) के जीवन, उसकी गलतफहमियों और मजेदार कारनामों की झलक दिखाई गई है। मितेश एक बूढ़े व्यक्ति (परेश रावल) को धोखा देकर अपने परिवार का प्यार पाने की कोशिश करता है।

परेश रावल ने कहा, 'अमित सियाल, सोनाली कुलकर्णी और बाकी प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रू के साथ काम करना एक परम आनंद रहा है - सेट पर हर दिन हंसी और मस्ती से भरा था। जियो स्टूडियो ने ऐसी शानदार स्क्रिप्ट चुनी हैं जिसका आनंद आप अब जियो सिनेमा पर अपने घर बैठे ले सकते हैं। मैं दर्शकों को हमारे द्वारा दिखाए गए ड्रामा का अनुभव करने और हमारी फिल्म पर उनकी प्रतिक्रियाएं सुनने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।' 'जो तेरा है वो मेरा है' जियो सिनेमा पर 20 सितंबर से प्रसारित होगी।

## बॉक्स ऑफिस पर बरकरार है सरकटे का आतंक, पांचवें हफ्ते फिर बढ़ी स्त्री 2 की कमाई



स्त्री 2 इसी साल 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. कई दूसरी मूवीज के साथ क्लैश के बावजूद फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन किया और एक महीने बाद भी पर्दे पर बनी हुई है. स्त्री 2 को रिलीज हुए 31 दिन हो गए हैं लेकिन फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर हर रोज करोड़ों का कलेक्शन कर रही है. वहीं पांचवें शनिवार फिल्म की कमाई में इजाफा हुआ है और इसने नया रिकॉर्ड बना लिया है. सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक स्त्री 2 ने 30 दिन में कुल 567.53 करोड़ रुपए भारत में कमाए थे. वहीं 31वें दिन फिल्म ने बंपर कमाई की है. कई दूसरी फिल्मों के पर्दे पर होते हुए भी स्त्री 2 ने पांचवें शनिवार रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन किया है. बता दें कि श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर हॉरर-कॉमेडी फिल्म ने 31वें दिन (पांचवें शनिवार) 5.25 करोड़ रुपए का बिजनेस किया है. स्त्री 2 ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अब कुल 572.78 करोड़ रुपए बटोर लिए हैं.

## डी-बॉक्स टेक्नोलॉजी में रिलीज होने वाली पहली भारतीय फिल्म बनी जूनियर एनटीआर की देवरा पार्ट 1




जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर की आगामी फिल्म देवरा पार्ट 1 सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए तैयार है. कुछ दिन पहले ही मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज लॉन्च किया है. इसे फैंस और दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. वहीं, मेकर्स फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर बनाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं. हाल ही में मेकर्स ने फिल्म से जुड़ी एक अपडेट साझा की है, जिसमें उन्होंने बताया है कि वे देवरा को डी-बॉक्स पर रिलीज करने वाले हैं.

देवरा मेकर्स ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म के पोस्टर के साथ एक अपडेट साझा किया है. मेकर्स ने बताया है कि देवरा पार्ट 1 पहली ऐसी भारतीय फिल्म बन गई है जिसे खास तौर पर डी-बॉक्स टेक्नेलॉजी में रिलीज किया जाएगा. मेकर्स ने पोस्टर में थिएटर्स की लिस्ट की भी झलक दिखाई है.

मेकर्स ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय फिल्म. देखते रहिए... यह मैन जूनियर एनटीआर और भी बहुत कुछ करता रहता है. इससे पहले, कुछ फिल्में डी-बॉक्स पर रिलीज की गई थीं, लेकिन यह पूरी तरह से एक्सक्लूसिव नहीं थी. लेकिन, देवरा के मामले में, इस लेटेस्ट टेक्नेलॉजी में कंटेंट को मास्टरपीस के तौर पर तैयार किया गया है.

डी-बॉक्स एक हैप्टिक तकनीक है जो मूवी देखने, गेम खेलने के अनुभव को बढ़ाती है. डी-बॉक्स सीटों में मोशन एक्ट्यूएटर होते हैं जो स्क्रीन पर होने वाली हरकतों के साथ तालमेल बिठाते हैं, ताकि आप फिल्म के एक मोमेंट और सीन्स को महसूस कर सकें. डी-बॉक्स कई मूवी थिएटरों में उपलब्ध है, जिसमें सिनेप्लेक्स और सिनेमार्क शामिल हैं.

## शब्द सामर्थ्य- 180

**बाएं से दाएं**
1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्‌भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**
2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 179 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

## सू-दोकू- 180

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.179 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |